Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- तिलम संघ कोटा के महा प्रबंधक रमेश चंद्र बैरागी 30,000/- रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जयपुर, दिनांक 26 नवम्बर, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बारां इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **रमेश चंद बैरागी महाप्रबंधक तिलम संघ कोटा को परिवादी से उसके पलायथा जिला बारां** के समर्थन मूल्य खरीद केंद्र को आवंटन करने की एवज में 1,45,000/- की रिश्वत की मांग करने व 30,000/- **रूपये** की रिश्वत राशि लेने पर रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि परिवादी ने ए.सी.बी. चौकी बारां को एक शिकायत इस आशय की पेश की कि समर्थन मूल्य खरीद केंद्र पलायथा जिला बारां के आवंटन करने के बदले 1,00,000/- रुपए तथा गत वर्ष क्रय किए गए 45,000/- कटटे गेहूं के ₹1 प्रति कटटे के हिसाब से 45,000/-रूपये कुल 1,45,000/- रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी कोटा रेंज कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री आनंद शर्मा** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी बारां के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कालू राम** वर्मा के नेतृत्व में आज **टीएलओ श्री प्रेमचन्द उप अधीक्षक पुलिस** एसीबी बारां द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही का आयोजन किया। आरोपी रमेश चंद्र बैरागी ने परिवादी धन्नालाल से रिश्वत राशि 30,000/- रुपए प्राप्त कर अपनी पहनी हुई जैकेट की सामने की बाईं जेब में रखी, जिसे आरोपी के पास से बरामद कर आरोपी को डिटेन किया जाकर पूछताछ जारी है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ एवं आवास की खानातलाशी की कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।